राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph 0141-2706550

क्रमांकः एफ8(सा.प्रो.)अकाद/आकाशि/2018/74 दिनांकः 29 अक्टूबर,2020

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः—राज्य सरकार द्वारा संचालित किए जा रहे कोरोना जागरूकता अभियान के तहत तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी के विचारों को जन—जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से एनसीसी, एनएसएस व स्काउट गाइड के तत्वाधान में समस्त राजकीय महाविद्यालयों में ऑनलाइन चित्रकला, निबन्ध लेखन एवं स्लोगन प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत ऑनलाइन प्रतियोगिता हेतु महात्मा गांधी के जीवन एवं सिद्धान्तों को विद्यार्थी जीवन में प्रेरक बनाने हेतु समस्त राजकीय महाविद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं में ऑनलाइन चित्रकला, निबन्ध लेखन एवं स्लोगन प्रतियोगिता 31 अक्टूबर से 07 नवंबर तक आयोजित की जानी है। इस हेतु निम्न विषयों में से विषयवस्तु का चयन किया जा सकता है।

क्र.सं.	स्नातक स्तर	स्नातकोत्तर स्तर
1	कोरोना काल में विद्यार्थियों के दायित्व!	पर्यावरण— सुरक्षित जीवन का आधार!
2	*महात्मा गांधी एवं बुनियादी शिक्षा!*	*अहिंसा एवं सत्याग्रह—गांधीजी के नजरिये से!*
3	हमारी परम्परा और जल संरक्षण!	गांधी दर्शन का जीवन में महत्व!
4	स्वच्छता के मायने एवं हमारे दायित्व	पर्यावरण संतुलन एवं स्वास्थ्य!

उक्त प्रतियोगिता हेतु समस्त राजकीय महाविद्यालयों में नियमित विद्यार्थी के रूप में प्रवेशरत समस्त विद्यार्थी पात्र होगें। इच्छुक विद्यार्थी 31 अक्टूबर से 07 नवंबर 2020 तक सबंधित महाविद्यालय की ई—मेल पर उक्त तीनो प्रतियोगितायों में भाग लेने हेतु अपना चित्र/निबन्ध/स्लोगन भेज सकेगे। भाग लेने वाले विद्यार्थी द्वारा पृष्ठ के प्रारंभ में स्वयं का नाम, अध्ययनरत कक्षा, महाविद्यालय का पूरा नाम व प्रतियोगिता का नाम (चित्रकला, निबन्ध लेखन एवं स्लोगन) अवश्य अंकित करेगे।

समस्त प्राचार्य, तीनों प्रतियोगिताओं का परिणाम दिनांक 19 नवंबर, 2020 इंदिरा गांधी जयंती के अवसर पर घोषित कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय सहभागियों को पुरस्कार वितरित किया जाना सुनिश्चित करे।

29/10

(संदेश नायक IAS)
आयुक्त

प्रतिलिपि —

1. शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. शासन उपसचिव, उच्च शिक्षा(ग्रुप—3) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा को अपलोड करने हेतु।

29.10.20

(जी.के. सोनी)
संयुक्त निदेशक(अकादमिक),